मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
24 सितम्बर, 2025







# मुविवि में स्वच्छता अभियान

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा (17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम दिनांक 24 सितंबर, 2025 को सरस्वती परिसर में पूर्वाह्न 11:00 बजे स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, प्रभारी निदेशक, कुलसचिव, आचार्य, सह–आचार्य, सहायक आचार्य, परामर्शदाता, शोध छात्र एवं कर्मचारियों ने सरस्वती परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।






























*सरस्वती परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*



*सरस्वती परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*

इस अभियान में सभी ने परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। तदुपरांत स्वच्छ भारत एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए माननीय कुलपति जी द्वारा स्वच्छता का शपथ दिलाई गई। इस क्रम में विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त स्वच्छता कर्मयोगीयों को माननीय कुलपति जी द्वारा अंगवस्त्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



*विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त स्वच्छता कर्मयोगीयों को अंगवस्त्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*

*स्वच्छ भारत एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वच्छता का शपथ दिलाते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*



उत्तर  प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी के कार्यालय पर आज दिनांक 24.09.2025 को माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री  श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव पखवाडे के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय समन्वयक डॉ० पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा, ने स्वच्छता पर अपने उद्‌बोधन में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साफ सफाई के महत्व पर जोर दिया उन्होने कहा कि साफ सफाई करने से बीमारियों से बचा जा सकता है। माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने और एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिये सभी नागरिकों को मिलकर प्रयास करने का आवाह्न किया।  इस कार्यक्रम में शिव कुमार कुशवाहा, अतुल दूबे, एवं सफाई कर्मचारी रामजी के साथ मिलकर कार्यालय परिसर एवं उसके आस–पास की सफाई का कार्य किया गया।















आज दिनांक 24 सितम्बर 2025 को क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी के समन्वयक डॉ० पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशन में साफ–साफई अभियान प्रारम्भ किया।

क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी के द्वारा आज दिनांक 24.09.2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पे दिनांक 17.09.2025 से दिनांक 24.09.2025 तक  स्वच्छता सप्ताह के रूप मे मनाया गया जिसमे स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी के अधिकारी,समस्त कर्मचारी एवं छात्रो ने प्रतिभाग किया।







# उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
## क्षेत्रीय केन्द्र, अयोध्या
### कार्यक्रम आख्या

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा (17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 ) के तहत 24 सितंबर 2025 को स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान में क्षेत्रीय केन्द्र के सभी कर्मचारी ने भाग लिया।
























आज दिनांक 24.09.2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके सन्दर्भ में आज क्षेत्रीय केन्द्र, नोएडा/गजियाबाद में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें क्षेत्रीय केन्द्र, नोएडा/गजियाबाद के कर्मचारी ने प्रतिभाग किया।




**आज दिनांक 24.09.2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके सन्दर्भ में आज क्षेत्रीय केन्द्र, मेरठ में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें क्षेत्रीय केन्द्र, मेरठ के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।**






उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र आगरा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा (17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 ) के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम 24 सितंबर 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय आगरा तथा मंदिर में साफ सफाई किया गया





विश्वविद्यालय के पत्रांक– ओ.यू./1023/2025 , दिनांक–18.09.2025 के सन्दर्भ में मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत जन्मोत्सव पखवारा (दिनांक– 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक) कार्यक्रम के तहत् आज दिनांक– 24.09.2025 को क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर में क्षेत्रीय समन्वयक डॉ0 रेखा त्रिपाठी की अगुवाई में विभिन्न स्थानों (यथा– वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत् रोपित किये गये पौधों के आस–पास साफ–सफाई की गयी, क्षेत्रीय केन्द्र के समीप में स्थित शिव–दुर्गा मंदिर परिसर में सफाई एवं पूजा अर्चना किया तथा क्षेत्रीय समन्वयक डॉ0 रेखा त्रिपाठी ने मंदिर के पुजारी जी को मंदिर प्रांगण एवं आस–पास सफाई रखने हेतु आग्रह किया, क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर भवन के परिसर में समस्त स्टॉफ द्वारा साफ–सफाई की गयी) पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज द्वारा 24 सितंबर, 2025 को सफाई कार्य किया गया।






माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा 24 सितंबर को 3.30 बजे आयोजित किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम राजर्षि टण्डन चौक– सेक्टर 10 वृंदावन योजना से शुरू होकर राजर्षि टण्डन कार्यालय तक किया गया सर्वप्रथम राजर्षि टण्डन चाक पर स्वच्छता को लेकर नारे लगाए गए जिससे लोगों का स्वच्छता पर ध्यान आकर्षित किया जा सके. चौराहे के निकट साफ सफाई की गई एवं आस पास ठेले /दुकान लगाने वाले लोगों को सफाई रखने का निवेदन भी किया गया. रैली के साथ वापस आ कर क्षेत्रीय केंद्र पर सफाई की गई कार्यक्रम में **students, volunteers** विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में














उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र, गोरखपुर द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मोत्सव के अवसर पर जन्मोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत 24 सितम्बर, 2025 को क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर कार्यालय परिसर एवं गोपाल मन्दिर मोहद्दीपुर, गोरखपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।





गोपाल मन्दिर मोहद्दीपुर परिसर की सफाई करते हुए क्षेत्रीय समन्वयक एवं कर्मचारीगण।


# क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली

## कार्यक्रम

**स्वच्छता अभियान कार्यक्रम 24 सितंबर 2025**

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र बरेली पर आज दिनांक 24 सितम्बर 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा (17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 ) के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान कार्यक्रम मनाया गया।









मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
24 सितम्बर, 2025

# मुक्त विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन







उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति प्रो. सत्यकाम जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव उपलक्ष्य में जन्मोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत दिनांक 24 सितम्बर 2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे से स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निर्देशन में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित समिति कक्ष में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सत्यकाम जी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय सिंह जी ने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पधारे डॉक्टरों एवं उनकी टीम का स्वागत किया।
























इस आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सक दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख आरोग्यम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र से डॉ. गौरव कुमार सिंह, सूर्य प्रभा आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र से डॉ. निशांत कुमार राय, विनिता हॉस्पिटल, शांतिपुरम से डॉ. शिवचरन मौर्या एवं उनकी टीम, आशा डेंटल हॉस्पिटल से डॉ. अंशुल शुक्ला एवं उनकी टीम, आशीर्वाद होम्योपैथिक एवं डेंटल क्लीनिक से डॉ. अजय यादव एवं उनकी टीम, डॉ. यश फिजियोथेरेपी सेंटर से डॉ. यशवंत कुमार एवं उनकी टीम रही।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रो. मीरा पाल, आयोजन सचिव श्री अनुराग शुक्ला, योग चिकित्सा प्रभारी श्री अमित सिंह, एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रभारी श्री निकेत सिंह, आहार एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. जूमि सिंह, तथा शाखा के कर्मी प्रमोद शुक्ला, चंद्रशेखर और सुनील का विशेष सहयोग रहा। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर समय–समय पर आयोजित होने चाहिए, जिससे सभी को स्वास्थ्य लाभ एवं जागरूकता मिल सके







*स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*















*स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*

आज दिनांक 24.9.2025 को ही क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ पर **Unused Clothes Donation Camp** लगाया गया जिसमें छात्रों ,नागरिको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और जरूरत मंद लोगों के लिए कपड़े खिलौने आदि दान किया.. जो एक किसी निश्चित दिन पर बंउच लगा कर जरूरतमंदों को वितरित कर दिया जाएगा



# क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी

## दिनांक 24—09—2025

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75 वें जन्मोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन की रिपोर्ट

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र पर आज दिनांक 24.09.2025 को माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव पखवाडे के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन क्षेत्रीय समन्वयक डॉ० पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ० प्रीति परमार दंतरोग विशेषज्ञ परमार डेन्टल क्लीनिक झाँसी, डॉ० कमलेश शिवहरे स्त्री रोग विशेषज्ञ चैतन्य क्लीनिक झाँसी के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें दूर दराज से आये हुये शिक्षार्थियों एवं अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ० प्रीती परमार ने दांतो के बारे में बताया कि ब्रश करने, फ्लॉसिंग करने और नियमित जाँच करवाने की सलाह दी ताकि कैविटी मूसड़ों की बीमारी और अन्य समस्याओं से बचा जा सके। डॉ० कमलेश शिवहर ने बताया कि नियमित रूप से समय –समय पर शरीर की जाँच, संतुलित आहार, व्यायाम, अच्छी नींद मानसिक स्वास्थ में प्राथमिक रूप से सभी को शामिल करना चाहिऐ। इस कार्यक्रम में डॉ० गिरजा सिंह बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी ने स्वास्थ्य को योग से जोड़ते हुये कहा कि योग एक संतुलित और स्वस्थ्य जीवन का आधार है क्योंकि यह शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक कल्याण पर ध्यान केन्द्रित करता है। छात्र–छात्रायें एवं क्षेत्रीय कार्यालय झाँसी के कर्मचारी गण आदि लोग उपस्थित रहे। अन्त में डॉ० वर्मा ने ''स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास'' होता है इस कथन से उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने का मार्गदर्शित किया। सभी सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों के मूल उद्देश्यों से जोड़ने का प्रयास करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया।
























उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र आगरा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्मोत्सव पखवाड़ा (17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 ) के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण अभियान कार्यक्रम 24 सितंबर 2025 को डॉ नीलम सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी तथा डॉक्टर प्रिय शंकर कुमार द्वारा महिलाओ का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ महिलाओ को स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया

